अजमेर
474/10/२२५

बाला बनाम गोविन्दा वगै.

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर R17 अ.प्र. R11,14 व्यु3 प्र. 2010/0008 श्री एल.एम. राजावत श्री बी.पी. सिंह ... मदनलालगुर्जर ...	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21.1.19	**विजय सिंह बनाम राज0सरकार वगैरह** पत्रावली हेतु पेश हुई। अभिभाषक अपीलांट एवं रेस्पोडेन्ट उपस्थित। अपील में अभिभाषक उभयपक्ष की बहस सुनी गई। अभिभाषक उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं अपील व अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अजमेर द्वारा दिनांक 13.12.2010 को प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राज.काश्तकारी अधिनियम को दर्ज रजिस्टर कर, अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये जाकर प्रार्थना पत्र दिनांक 03.02.2011 नियत की गई । अभिभाषक अपीलांट ने उक्त आदेश दिनांक 13.12.2010 की अपील न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की हैं। अभिभाषक उभयपक्ष ने बताया कि प्रकरण यदि अधीनस्थ न्यायालय को प्रतिप्रेषित किया गया तो अप्रार्थीगण को नोटिस जारी करने में समय व्यर्थ ज्यादा हो जायेगा इसलिए प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राज.काश्तकारी अधिनियम को अंतिम निस्तारण किया जावें एवं अभिभाषक उभयपक्ष विवादित आराजी के राजस्व रिकार्ड व मौके की यथास्थिति बनायी रखी जाने सहमत हैं। अभिभाषक उभयपक्ष के विन्रम निवेदन पर अपील का निस्तारण इसी स्तर पर कर तौफसला वाद तक विवादित आराजी के राजस्व रिकार्ड व मौके की यथास्थिति बनायी रखी जाना उचित समझते है। **अतः अपील का इसी स्तर पर निस्तारण किया जाता हैं तथा ताफैसला वाद तक विवादित आराजी खसरा नम्बर 576 रकबा 1–12–00, 578 रकबा 01–05–00, 590 रकबा 03–07–00, 617 रकबा 01–00–00, 618 रकबा 01–06–00, 719 मिन रकबा 00–15–10, 719 मिन रकबा 03–00–00, 2279 रकबा 02–11–10, 2281 रकबा 02–05–00, 3231 रकबा 07–19–00, 600 रकबा 00–12–00, 601 रकबा 00–14–00, 3209 रकबा 03–05–00, 3210 रकबा 03–03–00,390 रकबा 00–12–00, 619 रकबा 00–07–00 बीघा वाकै ग्राम माकड़वाली तहसील व जिला अजमेर के राजस्व रिकार्ड एवं मौके की यथास्थिति बनायी रखी जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।** 21.1.19 राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	